क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द(सी0आर0सी0), पटना

(विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
रेड क्रास भवन, नार्थ गांधी मैदान, पटना
ईमेल.crcpatna@rediffmail.com, बेवसाईट–www.crcpatna.com, टेलीफैक्स. 0612-2219333

पत्रांक सं.–सी.आर.सी.–पैट / मीडिया / 241 / 2015 / 405 दिनांक–11.01.2016

प्रेस विज्ञप्ति

क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी.आर.सी.), पटना जो कि विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एवं राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान, कोलकाता के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन रेड क्रास भवन, नार्थ गांधी मैदान पटना में कार्यरत है में **'श्रवण बाधित बच्चों के शीघ्र पहचान हेतु कार्यशाला'** विषय पर तीन दिवसीय सतत पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम(सी.आर.ई.) जो आर.सी.आई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है का शुभारम्भ हुआ।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ जवाहरलाल शाह ने प्रेक्षागृह, रेड क्रास भवन, गांधी मैदान, पटना में दीप प्रज्जवलित करके की। विशिष्ट अतिथि डॉ शाह ने सी.आर.सी., पटना द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सी.आर.सी., पटना का आभार जताया।

कार्यक्रम के उद्‌दघाटन समारोह में क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी.आर.सी.), पटना के प्रभारी अधिकारी, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा ने अपने उद्‌बोधन में सी.आर.ई. कार्यक्रम के के उद्‌देश्य एव प्रतिभागियों को होने वाले लाभ के बारे में बताया।

उपरोक्त कार्यक्रम अगले तीन दिन तक प्रेक्षाग्रह में चलेगा जिसमें विशेषज्ञयों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग दिया जायेगा उक्त कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री धनंजय कुमार, मिस. प्रियदर्शनी, जे.एम. इंस्टीट्यूट, पटना, श्री पिन्टू कुमार, डॉ जवाहरलाल शाह, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा, प्रभारी अधिकारी, सी.आर.सी., पटना, श्री रोहित, श्री अखिलेश कुमार, श्री निखिल पटना द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में लगभग 35 प्रतिभागी ने भाग लिया तथा कार्यक्रम के समापन उपरान्त प्रतिभागियों तथा ट्रेनी प्रशिक्षकों को सी.आर.सी., पटना द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किये जायेगें।

श्याम मिश्रा

(श्याम सुन्दर मिश्रा)
प्रभारी अधिकारी
सी0आर0सी0, पटना